भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2451

जिसका उत्तर 13.03.2025 को दिया जाना है

एनएच-322 का पुनर्विकास

2451. श्री गोपाल जी ठाकुर:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या बिहार में दरभंगा से मुसरीघरारी तक राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-322 के पुनर्विकास का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) इस प्रयोजनार्थ कितनी धनराशि आवंटित की गई है तथा राष्ट्रीय राजमार्ग के इस सैंतालीस किलोमीटर लंबे हिस्से को किस सीमा तक चौड़ा किए जाने की संभावना है तथा तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ख) वर्तमान में, दरभंगा से समस्तीपुर तक एनएच-322 दो लेन का है और समस्तीपुर से मुसरीघरारी तक 4 लेन का है। बिहार में एनएच-322 सहित राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास और रखरखाव एक सतत प्रक्रिया है जिसे यातायात और इसकी वृद्धि, परस्पर प्राथमिकता और पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ तालमेल के अनुसार किया जाता है। एनएच-322 के दरभंगा- समस्तीपुर खंड के रखरखाव के लिए 39.37 करोड़ रुपये के कार्य निष्पादन आधारित रखरखाव अनुबंध (पीबीएमसी) कार्य को मंजूरी दी गई है।

*****